सार-समाचार

प्रह्लाद-ध्रुव चरित्र का किया वर्णन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। समीपवर्ती जगरोटी आंचल के देवलेन गांव में रामचरण पटेल के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन श्रोताओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव मिला । व्यास पंडित प्रदीप शास्त्री जी ने भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की कथा का वर्णन किया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा में शास्त्री जी ने भगवान के नाम की महिमा का विशेष वर्णन करते हुए कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव को अपने जीवन मे कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने भगवान का नाम कभी नही छोड़ा । उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ईश्वर प्राप्ति में आयु कोई बाधा नही है, जिसका प्रणाम है कि बाल भक्त ध्रुव को अल्पायु में ही भगवान के दर्शन प्राप्त हुए। व्यास जी ने परमात्मा प्राप्ति के दो मार्ग बताए, पहला सदमार्ग जिसे भक्त प्रह्लाद ने अपनाया और दूसरा असद मार्ग जिससे हिरणकश्यप को मोक्ष मिला। उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि जीवन की वास्तविकता को समझते हुए हर पल सत्कर्म और भगवान के भजन करने चाहिए।भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि शास्त्री जी द्वारा मुखारविंद से भजनों को श्रोताओं हृदय विभोर होकर नृत्य करने लगे जिसे देख पांडाल में बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भजन आनंद लिया । आयोजक समिति के राजरोसी गुर्जर, रमेश गुर्जर, हंसराज, राजेन्द्र गुर्जर, मुनीम, रामहरि, भूपेन्द्र अधैत, ईशवेन्द्र देवलेन, आलम, बाबू, मल्ला, बच्चू, भाग्यसिंह, जतन, वीरेन्द्र, जीतेन्द्र, विश्वेन्द्र, तेजेन्द्र, राहुल, गजेन्द्र, रितेश सहित सैकड़ों श्रोताओं ने कथा का रसपान कर धर्मलाभ उठाया।

फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने फायरिंग कर जान से मारने के प्रयास के मामले में 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पालनपुर निवासी प्रयास मीना उर्फ गोलू है। घटना 19 फरवरी की है, जब कोटरी में एक महिला दुकानदार ने सिगरेट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी थी। इस घटना में महिला के पैर में गोली लगी थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले का मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर मीना पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी पालनपुर में है। इस पर एएसआई बनय सिंहके नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में हेमेंद्र, संजय, समय सिंह, प्रधान, हेमराज, भूपेंद्र और अमित शामिल थे। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

आरोपी को पकड़ने की मांग

गंगापुर सिटी, (निसं)। एक महीने पहले हुई 25 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। पीडित परिवार और स्थानीय लोगों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी और पुलिस उप अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। 21 मई की सुबह 8:30०बजे ईदगाह मोड स्थित शनिदेव मंदिर में भागवत आचार्य जगदीश प्रसाद शर्मा पूजा करवा रहे थे। एक अनजान व्यक्ति दान देने के बहाने आया। उसने 2000 रुपए का नोट देकर 50 हजार की गड्डी दिखाई। नोट हाथ में लेते ही जगदीश प्रसाद का मानसिक संतुलन बिगड गया। आरोपी ने दो पंडितों की मौजूदगी में जगदीश प्रसाद को बातों में उलझाकर उनके घर जाने को कहा। वहां उसने किसी महिला की सोने की चूडी पर पैसे रखकर दान करने की बात कही। जगदीश प्रसाद ने अपनी पत्नी, पुत्रवधू और पुत्री को 500-500 के नोट दिए। घर पहुंचकर आरोपी ने जगदीश प्रसाद और उनकी पत्नी को एक कमरे में रोका। पुत्री और पुत्रवधू को बाहर भेज दिया। फिर घर में रखे सोने के जेवर निकलवाए और उन पर पैसे रखने का नाटक करके 25 लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गया। कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज है। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं।

आईआईटी में पहला प्रयास और सीधा चयन

गंगापुर सिटी, (निसं)। कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि हमारे चार विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12वीं के 17 विद्यार्थियों ने जेईई मैंस परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 10 छात्रों ने मैन्स क्वालीफाई किया। इसके बाद, 4 विद्यार्थियों अभिषेक मीना, पूजा मीना, पूरण मीना ओर महेन्द्र जाटव ने फाइनल सलेक्शन प्राप्त कर पूरे संस्थान और गंगापुर सिटी का नाम रोशन किया। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय में उत्सव का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। विद्यालय के बाहर पटाखे जलाकर और मिठाई बाँटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया गया। यह दृश्य विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्था के समर्पित प्रयासों का जीवंत प्रमाण था। इस अवसर पर फाउंडेशन के एचओडी भूपेंद्र केवट, कौशलेंद्र सिंह, विनोद सुमन, भूपेश कुमावत, धनंजय शर्मा, प्रभारी हिमांशु शर्मा व दुर्गेश शर्मा भी उपस्थित थे। एकेडमी के निदेशक डॉक्टर हेमंत शर्मा ने बताया कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की कडी मेहनत का फल है, बल्कि संस्थान द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित मॉक टेस्ट एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है।

ट्रेन की चेपट से दो जनों की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना रविवार रात 8 बजे पीलोदा रेलवे स्टेशन पर हुई। कोटा से मथुरा जा रही मेमू ट्रेन से एक व्यक्ति गिर गया। हादसे में उसके दोनों हाथ कट गए। घायल को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक 35-4० वर्ष का था। उसने नीला पैंट और हरी शर्ट पहन रखी थी। उसके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। दूसरी घटना सोमवार तडके करीब 4 बजे गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर हुई। मालगाडी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मालगाडी के लोको पायलट ने स्टेशन प्रबंधक को सूचना दी। जीआरपी थानाधिकारी दलवीरसिंह के अनुसार दूसरे युवक के दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में राजू कुमार गौरव लिखा हुआ है। दोनों शव राजकीय जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखे गए हैं।

श्रीमद्भागवत का आयोजन

सवाई माधोपुर, (निसं)। श्री श्री 1008 बाबा रामलाला जी महाराज अखिल भारतीय सीठा वंशज गांव चौरु में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में श्री कृष्ण की बाल लीला,माखन चोरी लीला, चीर हरण लीला,ओर श्री गोवर्धन पूजा की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा का वाचन करते हुए आचार्य कैलाशचंद जी तेहरिया ने बताया कि जो भगवान के उत्सवों का आनंद लेते है उनके घरों में भी ऐसे ही उत्सव मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत के ब्राह्मणों को स्वाध्याय या श्रवण करने से ज्ञान का बोध होता है, क्षित्रयों को शत्रु पर विजय प्राप्त होती है, वैश्यों को राजलक्ष्मी प्राप्त होती है, तथा शूद्रों को निरोगी काया प्राप्त होती है ।जब मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्य एकत्र होते हैं तब भागवत श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने गोवर्धन महाराज की कथा का वर्णन करते हुए कहा की व्यक्ति को जीवन में गोवर्धन महाराज की परिक्रमा अवश्य करनी चाइये। यह भगवान श्री कृष्ण की लीलास्थली है। यहीं पर भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में ब्रजवासियों को इन्द्र के प्रकोप से बचाने के लिये गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाया था। यह परिक्रमा 21 किलोमीटर लंबी है, जिसे 7 कोस भी कहा जाता है। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सूचना एवं प्रसारण मंत्री सुरेंद्र शर्मा पत्रकार का सीठा परिवारों की ओर से स्वागत किया गया।

बारिश ने तैयारियों की पोल खोली

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में हाल ही में हुई तेज बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है। शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति देखने को मिल रही है, जिनमें जामा मस्जिद क्षेत्र, सुभाष नगर, शीतला गेट और गोवर्धन गेट जैसे प्रमुख इलाके शामिल हैं। जामा मस्जिद क्षेत्र में तो हालत ये हो गई कि लोगों को घुटनों तक भरे पानी से होकर निकलना पड़ा। दुकानों और घरों में पानी घुस जाने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन नगर निगम सिर्फ दावे करता है, जमीनी काम नजर नहीं आता।कई जगहों पर नालों की सफाई नहीं होने और जल निकासी व्यवस्था फेल होने के कारण ये हालात बने हैं। नगर निगम की लापरवाही और खराब प्लानिंग अब शहरवासियों पर भारी पड़ रही है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए और बारिश से पहले पुख्ता तैयारी हो, ताकि हर साल भरतपुर को इस तरह की परेशानी से न जूझना पड़े।

'बेहतर सड़क मार्ग की सुविधा देने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें'

डीग/भरतपुर, (निसं)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि डीग जिले में प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर सडक मार्ग की सुविधा मिल सके इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी नियमित रूप से प्रभावी मॉनिटरिंग करें एवं बजट घोषणाओं में वर्णित सभी कार्यों को पूर्ण कर उनका शिलान्यास करवाए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के चहूंमुखी विकास को बढावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में समस्त विभाग निरंतर कार्यरत है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि डीग बायपास, नगर बायपास, कामां से पहाड़ी सडक मार्ग, नगर सडक से बेढम, अढावली, नगला भजना, हयातपुर होकर जटेरी धाम तक की सडक, मवई से जनुथर सडक सहित अन्य सडक मार्गों के बन जाने से लोगों को यातायात के लिए सुगम सडक मार्ग मिल सकेगा जिससे नवगठित डीग जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

गृह राज्य मंत्री बेढम सोमवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों से बजट घोषणाएं 2025-2026 में अंकित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणाओं में डीग जिले को विकसित डीग बनाने के साथ-साथ विकसित राजस्थान का सपना साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने डीग-कुम्हेर-भरतपुर में सांवई-खेडा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट करने के कार्य के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता द्वारा बताया गया कि तीन दिन पूर्व ही उक्त कार्य के अंतर्गत पानी निकलना शुरू हो गया है। वहीं पाइपलाइन का भी कार्य अब पूरा हो गया।

कार्यस्थल तक पहुंच मार्ग बन चुका है और फाउंडेशन तक चिनाई का कार्य भी पूर्ण है। बेढम ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि जलभराव जैसी समस्याएं क्षेत्र में उत्पन्न न हो। उन्होंने नगर में मुड़िया के पास जलभराव की समस्या और भरतपुर अलवर मार्ग निर्माण के संबंध में आरएसआरडीसी के उच्च अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर निर्देशित किया कि वह जलभराव के संदर्भ में स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के साथ समन्वय बनाते हुए समस्या का समाधान करवाए। वही अलवर भरतपुर मार्ग को लेकर उन्होंने आवश्यक जानकारी ली और कार्य को समय पर पूरा करने की बात कही।

इससे पूर्व जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने अधिकारियों को जल स्वावलंबन पखवाड़ा, हरियालो राजस्थान, जल शक्ति अभियान, एनएफएसए, बजट घोषणा सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि मार्केटिंग बोर्ड से डीग और कामां में चल रहे बस स्टैंड निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली और कार्य को दी गई टाइमलाइन तक पूरा करने को कहा।

एनएफएसए 2022 में नगर में लंबित प्रकरणों को देखते हुए कौशल ने उपखंड अधिकारी नगर को प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। वहीं नगर में जलभराव की समस्या को देखते हुए उन्होंने नगर पालिका, उपखंड अधिकारी और आरएसआरडीसी के अधिकारी को मौका देखने के साथ ही समस्या का समाधान करने को कहा ताकि आम लोगों को राहत मिल सकें।

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

सार-समाचार

पेयजल समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

करौली, (निसं)। करौली के मुरलीपुरा क्षेत्र स्थित नौलखा बाग के पास रामनगर कॉलोनी में पिछले दो माह से पेयजल संकट बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने सोमवार को सडको पर उतर कर खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया।क्षेत्रवासियों का कहना है कि जलदाय विभाग के अधिकारी उनकी समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। पंप चालक की मनमानी से वॉल्व बंद करने के कारण कॉलोनी के पिछले हिस्से में पानी नहीं पहुंच पाता है। रामनगर के रोशन प्रजापत,रमेश प्रजापत, प्रकाशी और जलवाई ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। गर्मी के मौसम में यह परेशानी और बढ़ गई है। विद्युत आपूर्ति बंद होने पर लोगों को पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। मजबूरी में निवासियों को निजी बोरवेल का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं,बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने कि मांग करते हुए चेतावनी दी की समस्या का समाधान नही किया गया तो आगे धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

नदबई, (निसं)। नदबई रेलवे स्टेशन परिसर में यॉर्ड के समीप शनिवार रात ट्रेन की चपेट से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक संजीव मीणा की सूचना पर भरतपुर जीआरपी पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लेते हुए नदबई चिकित्सालय के मुद्रवाघर में रखवाया। बाद में रविवार दोपहर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया। विभागीय सूत्रों की मानें तो बिहार बक्सर निवासी अरुण कुमार सिन्हा पुत्र बक्शी सुशील सिन्हा, लुमिनो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड कम्पनी में बिजली इंजनियर पद पर कार्य कर रहा। जो कि, शनिवार शाम लक्ष्मनगढ थाना क्षेत्र के गांव जाबली में ड्यूटी कर भरतपुर आया। वही, विद्युत लाइन सर्वे को लेकर प्रताप एक्सप्रेस में भरतपुर से बीकानेर जा रहा। इसी दौरान खुजराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस आगे चलने के चलते प्रताप एक्सप्रेस का नदबई स्टेशन पर ठहराव किया गया। नदबई स्टेशन पर ठहराव होने के चलते अरुण सिन्हा, ट्रेन से नीचे उतर गया। बाद में एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना होने पर युवक ने दुबारा ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। लेकिन, असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर भरतपुर जीआरपी पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए परिजनों को सूचना दी। बाद में जीआरपी पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में नदबई चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दम्पति घायल

नदबई, (निसं)। नदबई-खेडली मार्ग पर गांव कोल्हूपुरा के समीप अचानक असंतुलित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ट्रैक्टर सवार दम्पत्ति घायल हो गई। घायल दम्पत्ति को 108 एम्बूलेंस से चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते महिला को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया। सूत्रों की मानें तो लुहासा निवासी समयसिंह अपनी पत्नी जमीली के साथ ईट भट्टा से लौट रहा। इसी दौरान अचानक असंतुलित होकर सडक से नीचे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से हादसा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार दम्पत्ति घायल हो गई। बाद में ठ्यामीणों ने 108 एम्बूलेंस से घायल दम्पत्ति को चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति होने पर महिला को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया गया।उधर, नदबई-जनूथर सड़क मार्ग पर गांव ऐचेंरा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार युवक घायल हो गया। ठ्यामीणों ने घायल युवक को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति होने पर घायल को रैफर किया गया। सूत्रों की मानें तो कठूमर थाना क्षेत्र के गांव इशरौती निवासी हरिराम सिंह पुत्र पूरन, बाइक से अपने गांव जा रहा। इसी दौरान गांव ऐचेंरा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से घायल हो गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही किया गया।

जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के निर्देश

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी मानसून को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जल स्त्रोतों की साफ सफाई के निर्देश दिये। बैठक के दौरान सीनियर आईएएस आलोक एसीएस ऊर्जा विभाग के निधन पर दो मिनट का मौन रख के शोक व्यक्त भी किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सीएमएचओं डॉ. जयंतीलाल मीणा को विभिन्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के नियमित निरीक्षण, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिले के शहरी एवं ठ्यामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देशित किया। जिससे गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की।

'कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए सदैव मजबूती से खड़ी है'

हिण्डौन सिटी, (निसं)। कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम विधायक आवास पर आयोजन रखा गया और संविधान बचाओ अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान का सम्मान करती है विपक्ष में बैठी सरकार संविधान का हनन करके जवान और किसान का दमन करना चाहती है और सेना जो देश की रक्षा करती है उसे भी राजनीतिक मुद्दों में विपक्ष धकेलना चाहता है,विधानसभा कोऑर्डिनेटर सूरज पेंचला ने कहा की कांग्रेस पार्टी संविधान के लिए उसकी रक्षा के लिए सदैव मजबूती से खडी है, हिंडौन विधायक अनीता जाटव ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग करके आम जन के संवैधानिक अधिकारों का दमन करती है भाजपा सरकार सदैव संविधान को कुचलने का प्रयास करती है जिसे हम किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा ने कहा कि कांग्रेस संविधान को अपनी आत्मा में संजो कर रखती है जब भी संविधान का कोई भी सरकार दुरुपयोग करके खत्म करने का प्रयास करेगी हम लोग पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए हम हमेशा एक सिपाही की भांति खडे है इस अवसर पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा,देहात ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र मावई,कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजकिशोर ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हिंडौन विधायक अनीता जाटव हिंडौन विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, विधानसभा कोऑर्डिनेटर सूरज पेंचला, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र मावई, कार्यकारी अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा, गोपेन्द्र पावटा, दलवीर चौधरी, नेमीचंद, देवीसहाय दत्ता, चांदराम, राजेश मूंडिया, रामेश्वर मुंडरी, लखन पौंडवाल, राजू चांदन गांव, इंद्राज चांदन गांव, महेश बरगमा आदि मौजूद रहे।

विधायक आवास पर संविधान बचाओ अभियान के बारे में चर्चा की।

सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। उस्मान कॉलोनी के निवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड रहा है। लोगों ने वार्ड पार्षद मुहम्मद इस्माइल के नेतृत्व में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। लोगो ने बताया कि कॉलोनी में पानी की स्थिति गंभीर है। यहां दो दिन में एक बार पानी आता है। कई घरों में नल तक पानी नहीं पहुंचता। जिन घरों में पानी आता है, वह भी गंदा है। पार्षद इस्माइल ने सात दिन के भीतर समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस्लामपुरा मोहल्ले में भी पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। यहां की महिलाओं ने जलदाय विभाग कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पिछले 15-20 दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है। जलापूर्ति मात्र 10-15 मिनट के लिए होती है। वार्ड निवासी इकबाल मोहम्मद के अनुसार कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। दोनों क्षेत्रों के निवासियों ने नियमित रूप से स्वच्छ और पर्याप्त पानी की आपूर्ति की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान शाहरुख, फारुख तेली, वकील सहित सैकडों कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

भोजन खिलाया

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में माहेश्वरी मंडल समिति जिला भरतपुर के तत्वाधान में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय महेश नवमी समारोह। जिसके तहत अन्नदान महादान के सन्देश के साथ प्रथम दिवस में आज फूलचंद माहेश्वरी के सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई आर बी एम अस्पताल के पास भरतपुर पर जरूरतमंदों को खीर पूड़ी आलू छोले की सब्जी दाल की प्रसादी 200 लोगों को खिलाई गयी।

चंचल मेहरा का किया सम्मान

डीग/भरतपुर, (निसं)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा-10वीं परीक्षा परिणाम 2025 में प्रदेश स्तर पर टॉप करने वाली छात्रा डीग जिले के पहाडी ब्लॉक के गांव पाण्डेका निवासी चंचल मेहरा पुत्री धर्मपाल मेहरा का जिला कलेक्टर कार्यालय डीग पर अतिरिक्त जिला कलक्टर देवी सिंह के मुख्य आतिथ्य, समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता के विशिष्ठ आतिथ्य एवं कुम्हेर के सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी की अध्यक्षता में सम्मान किया।

टॉपर छात्रा चंचल मेहरा को ग्यारह हजार रुपये की नकद राशि का पारितोषिक प्रदान किया। साथ ही कस्बा डीग के छत्ता मोहल्ला निवासी अमन पुत्र लक्ष्मीनारायण कोली सहित कक्षा-10 वीं में टॉप रही बालिका चंचल मेहरा के पिता धर्मपाल मेहरा, माता सुमन मेहरा, इनके गुरूजन मंगल सिंह व गिरिराज सिंह, अमन के गुरूजन गौरव शर्मा, भीष्मेन्द्र गर्ग, भोजराज शर्मा, सुरेश शर्मा व राजेन्द्र प्रसाद आदि का भी सम्मान भी किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर देवी सिंह ने कहा कि ठ्यामीण अंचल में शिक्षा की प्रतिभाए छुपी हुई है, जो समय पर ही उजागर होती है। इसका मुख्य कारण शिक्षा के क्षेत्र में आज बच्चों में होड बनी रहना।

हरि कीर्तन दंगल कल से

हिण्डौन सिटी, (निसं)। समीप के गांव जमालपुर के श्री बांके बिहारी मंदिर पर बुधवार से पांच दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का समरोह पूर्वक शुभारंभ होगा। जानकारी के अनुसार समीर के गांव जमालपुर के समस्त ग्राम वासियों की ओर से बुधवार से पांच दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आयोजन किया जावेगा जा रहा है। 8 जून तक चलने वाले इस हरि कीर्तन दंगल में आसपास के क्षेत्र सहित दूर दराज से से आने वाली लगभग दो दर्जन हरि कीर्तन दंगल की पार्टियां प्रस्तुतियां देंगी। इस आयोजन को लेकर के ग्राम वासियों ने बैठक आयोजित कर जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। ग्रामीणों ने बताया की हरि कीर्तन दंगल के आयोजन को लेकर समस्त तैयारी पूरी कर ली गई हैं। ग्राम वासियों ने हरि कीर्तन दंगल कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की।

अपील की सुनवाई के लिये नियम दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)

नाम न्यायालय:-RAA कैम्प स्थान:- करौली रूपकिशोर वगै. विरूद्ध कन्हैया वगै.
अपील : 27 सन् 2025
..... के न्यायालय की तारीख ... को की अपील 1. नाम तुषार पुत्र गोपाल जाति तेली निवासी भूडारा बाजार करौली तहसील व जिला करौली राजस्थान।
2. नाम राहुल पुत्र गोपाल जाति तेली निवासी भूडारा बाजार करौली तहसील व जिला करौली राजस्थान।
3. संध्या पुत्री गोपाल जाति तेली निवासी भूडारा बाजार करौली तहसील व जिला करौली राजस्थान।
आपको सूचना दी जाती है कि मामले में अपीलार्थी की डिक्री की अपील अपीलार्थी द्वारा उपस्थित की गई इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा तारीख 12.6.2025 नियत की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वंय या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चिम की जावेगी।
यह आज तारीख 22 माह 5 सन् 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मद्रा लगाकर दी गई।
मुहर
राजस्व अपील अधिकारी
सवाई माधोपुर

शिव शक्ति महायज्ञ व भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब

गंगापुर सिटी, (निसं)। समीपवर्ती पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ में दर्शनार्थ जन सैलाव उमड रहा है। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस आयोजक श्री श्री 1०8 महंत राम स्वरूप दास त्यागी जी के सानिध्य में में चल रहे श्री शिव शक्ति महायज्ञ का भाव और दिव्या आयोजन किया जा रहा है।

श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास महंत गणेश दास महाराज की सभी भक्तगणों ने पूजा अर्चना की और भागवत कथा का पूजन किया उसके पश्चात कथा व्यास गणेश दास जी

- यज्ञ शाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ उठा रहे हैं महिला पुरूष

महाराज ने अपनी अमृतवाणी से मनु वंश का वर्णन किया और मनुवंश में ही भक्त राज बालक ध्रुव का पावन चरित्र सुनाया की किस प्रकार से ध्रुव ने तपस्या करके मात्र 6 माह में भगवान का दर्शन किए। उन्होने प्रभू इच्छा से 36000 वर्ष तक राजा बनाकर राज्य सुख का भोग कर फिर भगवान के धाम गए। कथा में पधारे चित्रकूट धाम से श्याम दास महाराज, श्री अयोध्या धाम से केशव दास महाराज, कौशल शरण पहलवान राम पुकार दास, रामनाथ दास, दिनेश दास आदि सभी संतो के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने बैठकर कथा श्रवण किया। आयोजन से जुडे दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि आज रामलीला के प्रसंग में सीता स्वयंवर और धनुष भंग का दर्शन कराया गया। भक्तों का जनसैलाब उमड रहा है और यज्ञशाला में प्रधान कुंड और अन्य कुंड पर बैठे हुए यजमानों को यज्ञाचार्य पंडित अशोक दीक्षित ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवा कर यज्ञ में आहुतियां दिलाई। सोमवार को प्रधान कुंड 81000मे रामकेश प्रजापत उघाडमल बालाजी ने लिया उसके साथ अन्य 8 कुंड पर भी यजमानों ने 2100 रुपए हर कुंड पर बोली लगाकर प्राप्त किया और यज्ञ में आहुति दी। वहीं भक्तगण यज्ञ शाला के दर्शन कर परिक्रमा कर रहे है। यज्ञशाला एवं यज्ञ में भक्तों का अपार जन सैलाब श्रद्धा का भाव उमड रहा है। प्रतिदिन शुद्ध देसी घी का भंडारा दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 7 तक अटूट चल रहा है जिसमें हजारो लोग पंगत प्रसादी ले रहे है।

गंगापुर सिटी में आयोजित यज्ञ शाला में पूजन कराते संत।

कार्यालय ग्राम पंचायत रवाँजना डूंगर
पं.स. चौथ का बरवाड़ा, सवाई माधोपुर
ई-निविदा सूचना 01/2025-26
ग्राम पंचायत रवाँजना डूंगर में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यों हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदा **दिनांक 10.06.2025** को सायं **6:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है एवं विस्तृत विवरण जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UB